Principal Contact No. – 9412189331

# राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, बरेली

एन0एच0– 30, शाहजहाँपुर रोड, बरेली– 243503

(Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly, UP)

website: www.gdcfaridpur.com Email: gdcfaridpur07@gmail.com

रा.म.फ.ब. / 2025–26 दिनांक– 10.06.2025

## आवश्यक सूचना

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली के पत्रांक सं0 क्षे.क.ब.1006–10 / 2025–26 दि0 09.06.2025 एवं जिलाधिकारी महोदय, बरेली के पत्रांक सं0 596–600 / 0302 / वृहद / रो0मेला0 / बरेली / 2025–26 दि0 04.06.2025 के अनुपालनार्थ महाविद्यालय में अध्ययनरत तथा उत्तीर्ण समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि फ्यूचर विश्वविद्यालय, फरीदपुर रोड, बरेली एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में **दि0 13.06.2025 को प्रातः 10 बजे से एक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है, उक्त राजगार मेले में निजि क्षेत्र के लगभग 100 नियोजकों द्वारा 6000 रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही की जायेगी।**

अतः उक्त वृहद रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर योजना का लाभ उठाना सुनिश्चित करें।

**प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार अभियर्थियों को विभागीय वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।**

संलग्नकः उक्तवत्।

आज्ञा से,
प्राचार्य

Scanned with CamScanner

कार्यालय पता-26 सिविल लाइन्स, आनन्द आश्रम के सामने(काष्ठ कला केन्द्र) बरेली पिन कोड 243005
☎ दूरभाष/फैक्स : 0581-2423799, 2510128 मोबाइल- 9410219915 ई-मेल- rheobareilly@gmail.com
कार्यक्षेत्रीय जनपद- बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, सम्भल

# कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली

पत्रांकः क्षे.का.व./ 1006- 10 /2025-26 दिनांक 09/6/25

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक/निदेशक, महत्वपूर्ण
समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/
तकनीकी उच्च शिक्षण संस्थान,
जनपद बरेली ।

विषय– दिनांक 13.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से फ्यूचर विश्वविद्यालय, फरीदपुर रोड, बरेली में आयोजित रोजगार मेले में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु अध्ययनरत तथा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय, बरेली के पत्रांक 596–600/0302/वृहद रो0मेला/बरेली/2025–26 दिनांक 04.06.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें । कृपया अवगत हों कि फ्यूचर विश्वविद्यालय, फरीदपुर रोड, बरेली एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से एक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है । उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 100 नियोजकों द्वारा 6000 रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही की जायेगी, जिसमें लगभग 8000 बेरोजगारों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है ।

कृपया उक्त रोजगार मेले में आपके संस्थान में अध्ययनरत तथा उत्तीर्ण अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का प्रतिभाग सुनिश्चित करने तथा कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें । साथ ही रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार अभ्यर्थियों का पंजीकरण विभागीय वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से करवाने का कष्ट करें ।

संलग्नक– यथोक्त ।

भवदीया

09/6/2025

प्रो0(डॉ0 सन्ध्या रानी)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

पृष्ठांकन– पत्रांक एवं दिनांक उपर्युक्त ।
प्रतिलिपि– निम्नांकित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली ।
3. सहायक निदेशक (सेवायोजन) बरेली मण्डल, बरेली ।
4. कुलसचिव, फ्यूचर विश्वविद्यालय, फरीदपुर रोड, बरेली ।

प्रो0(डॉ0 सन्ध्या रानी)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

## कार्यालयः—जिलाधिकारी,बरेली।

पत्रांकः— /0302/वृहद रो0मेला/बरेली/2025–26 दिनांकः04 ~~मई~~ जून 2025

## आदेश

फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली के संयुक्त तत्वाधान में दिनांकः 13.06.2025 को प्रात: 10 बजे से फ्यूचर यूनिवर्सिटी फरीदपुर रोड बरेली में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 100 नियोजकों द्वारा 6000 रिक्तियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी जिसमें लगभग 8000 बेरोजगारो के प्रतिभाग करने की संभावना है।

अत: रोजगार मेले के सफल आयोजन तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नांकित अधिकारियों की ड्यूटी उनके नाम के सम्मुख अंकित रोजगार मेले के कार्य हेतु लगाई जाती है।

| क्रम संख्या | अधिकारी का नाम व पदनाम | सम्बन्धित विभाग का रोजगार मेले में कार्य |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| 01 | पुलिस अधीक्षक यातायात बरेली। | यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने हेतु। |
| 02 | मुख्य चिकित्साधिकारी,बरेली। | रोजगार मेले मे आये बेरोजगार अभ्यार्थियों को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु। |
| 03 | सयुक्त आयुक्त उद्योग,बरेली मण्डल बरेली। | बरेली मंडल बरेली के स्थानीय नियोजकों को रोजगार मेले मे प्रतिभाग कराने तथा रिक्तियों को रोजगार मेले के माध्यम से पूर्ति कराने हेतु। |
| 04 | संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण/शिशुक्षु) मण्डल समन्वयक, कौशल विकास मिशन बरेली मण्डल–बरेली। | बरेली मण्डल के समस्त आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों तथा नियोजकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु। |
| 05 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,बरेली। | बरेली मण्डल, बरेली के समस्त महाविद्यालयों/तकनीकी संस्थानों के प्राचार्य/प्रबन्धकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार अभ्यार्थियों का पंजीकरण वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से करवाने के निर्देश प्रदान करने हेतु। |
| 06 | जिला पंचायत राज अधिकारी,बरेली। | रोजगार मेले का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कराने के उद्देश्य से सम्बन्धित खन्ड विकास अधिकारियों,रोजगार सेवकों तथा ग्राम प्रधानों को अपने स्तर से निर्देशित करने हेतु। |
| 07 | जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन/प्रधानाचार्य,राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सी0बी0 गंज बरेली। | रोजगार मेले में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षित अभ्यार्थियों,एवं नियोजकों तथा आई0टी0आई0 के प्रशिक्षार्थियों एवं नियोजकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग कराने के संबंध में। |
| 08 | प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक,बरेली। | रोजगार मेले में संस्थान के डिप्लोमाधारी अभ्यार्थियों को प्रतिभाग कराने हेतु सूचित करें। |
| 09 | मुख्य अग्निशमन अधिकारी, बरेली। | रोजगार मेले स्थल पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था हेतु। |
| 11 | खन्ड विकास अधिकारी,फरीदपुर बरेली। | रोजगार मेले मे आने वाले अभ्यार्थियों हेतु पेयजल कक्षों को सेनेटाईज कराना एवं आयोजन स्थल की साफ सफाई व्यवस्था कराना। |
| 12 | उप निदेशक सूचना बरेली। | रोजगार मेले के प्रचार प्रसार हेतु विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु। |
| 13 | प्रबन्धक, फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली। | रोजगार मेले के आयोजन तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संबंधी समस्त आवश्यक व्यवस्थायें कराने हेतु। |

(अविनाश सिंह)
जिलाधिकारी
बरेली।
तददिनांकित

पत्रांकः—596-600/0302/वृहद रो0मेला/बरेली/2024–25
प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बरेली को रोजगार मेले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी,बरेली।
3. निदेशक,प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ।
4. सम्बन्धित अधिकारीगणों को अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. सहायक निदेशक(सेवायोजन) बरेली मण्डल बरेली को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुए उक्त रोजगार मेले का सफल आयोजन करायें।

4/6/2025
जिलाधिकारी,
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner